# नौकरी के नाम पर प्रधान आरक्षक ने की ठगी

## झांसा देकर 3 लाख रुपए ऐंठे

मध्य प्रदेश पुलिस

**पन्ना ब्यूरो**

**पन्ना, 22 जुलाई. पन्ना जिले के सलेहा थाना में पूर्व में पदस्थ प्रधान आरक्षक अनिल सिंह बागरी पर एक युवक को नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3 लाख 16 हजार 700 रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है.**

फरियादी युवक प्रशांत खरे पिता हजारी लाल खरे उम्र 35 वर्ष निवासी कठवरिया की रिपोर्ट पर सलेहा थाना में आरोपी प्रधान आरक्षक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 318 के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है. मामले को लेकर फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी प्रधान आरक्षक द्वारा थाना सलेहा में प्राइवेट तौर पर वेतनभोगी की नौकरी लगवाने का प्रलोभन देकर उसके साथ ठगी की गई है. फरियादी द्वारा ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारियां के स्क्रीन शॉट सहित अन्य जानकारियां भी पुलिस को सौंपी गई हैं.

> नौकरी दिलाने के लिए उससे 1 जुलाई 2024 को 76 हजार रूपए, 3 जुलाई को 24 हजार रूपए नगद मेरे घर कठवरिया में बागरी द्वारा लिए गए थे और इसके बाद अनिल बागरी के कहने पर मैंने अपनी पत्नी दिव्या श्रीवास्तव के खाते से दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को 1600 रूपए, 26 अक्टूबर 2024 को 1400 रूपए, दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को 1200 रूपए, दिनांक 05 दिसम्बर 2024 को 13 हजार रूपए चारों ट्रान्जेक्शन अनिल सिंह बागरी के फोन-पे एकाउंट नंबर में तथा 18 अक्टूबर 2024 को 5 हजार रूपए प्रहलाद लोधी के फोन-पे नंबर पर 27 अक्टूबर 2024 को अमित लिक्वायर सलेहा टू एफएलसीएल के फोन-पे की आईडी 01 से 20 हजार रूपए एवं ट्रान्जेक्शन आईडी 49 से 05 हजार रूपए एवं 22 दिसम्बर 2024 को अनुज कुमार बागरी के फोन-पे पर 13 हजार 300 रूपए, 10 हजार रूपए एवं 9 जुलाई 2024 को सुशीला तिवारी के फोन-पे नंबर पर 10 हजार रूपए, 2 हजार रूपए ट्रांसफर किए गए है. इसके साथ ही अनिल बागरी के कहने पर अपनी पत्नी के खाते से 09 दिसम्बर 2024 को 12 हजार रूपए, दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को 18 हजार रूपए, दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को 5 हजार रूपए, दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को 15 हजार रूपए, दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को 13 हजार रूपए, 10 हजार रूपए, 27 दिसम्बर को 25 हजार रूपए ट्रांसफर किए गए. जो सातों ट्रान्जेक्शन किस खाते में ट्रांसफर हुए यह मेरे फोन-पे नंबर से ज्ञात नही हो रहा है. इसके साथ मैंने अपने स्टेट बैंक के खाता से दिनांक 08 जुलाई 2024 को वीरेन्द्र राव जेटी के फोन ट्रान्जेक्शन आईडी से 03 हजार रूपए दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को 2500 रूपए, दिनांक 01 नवम्बर 2024 को 10 हजार रूपए, दिनांक 01 जनवरी 2025 को 10 हजार रूपए, दिनांक 01 अप्रैल 2025 को 01 हजार रूपए श्री बागरी के कहने पर ट्रांसफर किए गए. किस खाता क्रमांक में ट्रांसफर हुए है यह मुझे ज्ञात नहीं है.

# कैबिनेट में छाया खाद संकट का मुद्दा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 जुलाई. प्रदेश में इस समय खरीफ फसलों की बोवनी का अंतिम दौर चल रहा है. ऐसे में प्रदेश के किसानों को यूरिया, डीएपी सहित दूसरे खाद की लगातार जरुरत बनी हुई है, लेकिन प्रदेश के कई जिलों में खाद की कमी बनी हुई है, विशेष रूप से विंध्य, बुंदेलखंड और महाकौशल के जिलों में खाद की भारी किल्लत है.**

खाद की किल्लत का मुद्दा मंगलवार को कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक के दौरान भी छाया रहा. इस दौरान मंत्रियों ने प्रदेश में खाद की आपूर्ति तेज करने के साथ ही व्यवस्था सुधारने की



पैरवी की. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सप्ताह के भीतर किल्लत दूर होने का भरोसा दिलाया. बताया जाता है कि अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह ने इस संबंध में प्रमुखता से ये बात कही. उनकी बातों का समर्थन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भी किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खाद को लेकर ताजा स्थिति का पूरा ब्यौरा मंत्रियों को दिया.

> अभी किसानों को खाद के लिए जबर्दस्त मारा-मारी का सामना करना पड़ता है. ऐसे क्षेत्र जहां खाद की कमी है और मांग ज्यादा, वहां तो किसान रात-रात भर जागकर सोसायटी के खुलने का इंतजार करते हैं, जिससे कि वे अपनी फसल के लिये जरुरत के हिसाब से खाद ले सके, लेकिन ये व्यवस्था अब आने वाले दिनों में कल की बात हो जायेगी. यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अब किसानों को घर बैठे ही खाद मिल जायेगा, खाद की पहुंच किसानों के दरवाजे तक करने की तैयारी की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में सहकारिता, राजस्व और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक की.

उन्होंने बताया कि खरीफ-2025 के लिए कुल उपलब्ध उर्वरक 31.52 लाख मीट्रिक टन था, जिसमें से 20 जुलाई तक 21.05 लाख मीट्रिक टन वितरण हो चुका है. विपणन संघ के डबललॉक केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक टोकन सिस्टम लगाने की व्यवस्था कराई जा रही है.

# फर्जी प्रोफाइल के जालसाज गिरफ्तार

## पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी अजमेर राजस्थान का निवासी

**मंदसौर, 22 जुलाई.** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने मेट्रीमोनियल वेबसाइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी का झांसा देकर 2.66 लाख की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है. आरोपी रमणिक लाल वर्मा (34), निवासी अजमेर राजस्थान, को चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार किया गया है. आरोपी ने जनवरी से जून 2025 के बीच फरियादी से कई बार अलग-अलग बहानों से रुपये ऐंठे



थे. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी की माता उषा वर्मा और जीजा कमलेश सोनी भी इस ठगी में शामिल हैं, जो फिलहाल फरार हैं. आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में 15 से 20 लड़कियों से ठगी की बात कबूली है. पुलिस ने आरोपी के पास से 3 मोबाइल फोन (कीमत 1.5 लाख) और 1 लैपटॉप (कीमत 65 हजार) बरामद किया है. जप्त माल का कुल मूल्य-2.15 लाख. पुलिस टीम में शामिल निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उनि कुलदीप सिंह राठौर, साइबर सेल के आशीष बैरागी, मनीष बघेल, नरेंद्र, भानुप्रताप एवं शैलेंद्र की भूमिका सराहनीय रही.

## खंडहरनुमा मकान से 6 लाख की शराब जब्त

**रतलाम.** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिले ग्राम में एक खंडहरनुमा मकान में लाखों की शराब जब्त की हैं. मामले में दो सगे भाई को गिरफ्तार किया है वहीं तीन आरोपी फरार हैं. पुलिस ने नामली थाना क्षेत्र के रिंगनिया गांव में खंडहरनुमा मकान पर दबिश तो 6 लाख रुपए से अधिक की शराब की पेटियां मिली, जिनमें देशी प्लेन शराब 132 पेटी, देशी मसाला शराब 10 पेटी, अंग्रेजी शराब मेक डावेल्स 3 पेटी, अंग्रेजी शराब ब्लेण्डर प्राईड 1 पेटी जब्त की.

## पारदर्शिता के लिए एसपी ने जारी किया क्यूआर कोड

**पन्ना.** पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस.थोटा ने थानों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और जनसुविधा बढ़ाने की दिशा में एक नई पहल करते हुए क्यूआर कोड जारी किया है. इसे जिले के सभी थानों और कार्यालयों में चस्पा किया जा रहा है. नागरिक इस क्यूआर कोड को स्कैन कर अपनी शिकायतें सीधे एसपी तक पहुंचा सकते हैं. थानों में शिकायत दर्ज कराने में होने वाली समस्याओं, पुलिसकर्मियों के व्यवहार, कार्य में देरी या किसी भी असुविधा की सूचना इस माध्यम से दी जा सकेगी. साथ ही अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना भी की जा सकती है.

# किसानों की हो रही अनदेखी : नायक

## मंत्री खा रहे 40 हजार के काजू

**भोपाल, 22 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि अति वर्षा और खाद की किल्लत के कारण प्रदेश के किसान बुरी तरह परेशान हैं.**

उन्होंने कहा कि कई जिलों में यूरिया की भारी कमी और कालाबाजारी हो रही है, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं, लेकिन अधिकारी सर्वे के लिए नहीं पहुंच रहे. नायक ने बताया कि सीहोर जिले में एक किसान बैल की जगह खुद हल चला रहा है, जो सरकारी उदासीनता का प्रतीक है. उन्होंने फसल बीमा



योजना की विफलता को उजागर करते हुए कहा कि आज भी किसानों को बीमा राशि नहीं मिली है.

भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नायक ने कहा कि महुगंज में एक ही वेंडर को चाय, समोसे, टेंट और दरी के भुगतान किए गए हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जनता भूखी है और मंत्री 40 हजार के काजू खा रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर सफल रहा, सभी विधायक पूरी ऊर्जा के साथ मानसून सत्र में उतरेंगे और विपक्ष की भूमिका इस बार धारदार होगी.

# पंचायत उपचुनाव में पेपरलेस मतदान

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 जुलाई. पंचायत उप चुनाव के तहत त्रि-स्तरीय पंचायतों में खाली पद के लिये मंगलवार को मतदान हुआ.**

सरपंच पद के लिये 49 और जनपद पंचायत सदस्य के 5 पदों के लिये मतदान हुआ.

कुल 70.51 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान नवाचार भी किया गया. जिसके तहत कुल 16 बूथों में पेपरलेस मतदान कराया गया, इसके लिए आईबीपीएमएस यानी इंटिग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग किय गया. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह के मुताबिक सागर जिले की 4 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिये 9 मतदान केन्द्रों और दमोह जिले के वार्ड-16 के जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिये 9 मतदान केन्द्रों में मतदान इंटिग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपी बीएमएस) से कराया गया. इन मतदान केन्द्रों की मतदान प्रक्रिया का लाइव प्रसारण भी किया गया.

राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के सामने तथा सागर और दमोह में एक-एक स्क्रीन लगाई गई इसमें मतदान प्रतिशत सहित अन्य जानकारियां लोगों ने लाइव देखीं।

**16 मतदान केंद्रों में आई बीपीएमएस से कराया मतदान**

**49 सरपंच और 5 जनपद पंचायत सदस्य के लिए 70 .51 फीसदी मतदान**

### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस बूथ की नवीन पहल की है. प्रक्रिया में मतदान केन्द्रों में मतदाता और मतदानकर्मियों द्वारा किये जाने वाला पूरा काम डिजिटल माध्यम से किया जाता है. इस नवीन पहल के तहत वर्ष 2024 में भोपाल जिले के बैरसिया तहसील की ग्रापं रतुआ रतनपुर और रीवा जिले के अतरैला ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिये मतदान सफलतापूर्वक किया जा चुका है.

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख रुपये की ठगी

**जबलपुर, 22 जुलाई. रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा देकर तीन लाख से ज्यादा की ठगी करने वाले दो आरोपियों को संजीवनी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों में एक महिला भी शामिल है.**




मामला भूकंप कॉलोनी क्षेत्र का है, जहां राकेश सराठे नामक युवक ने अपने पड़ोस की महिला से भाई-बहन का रिश्ता जोड़कर उसके बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा दिया. इस फर्जीवाड़े में रेखा वर्मा नाम की महिला भी शामिल थी. दोनों ने मिलकर नकली जॉइनिंग लेटर, ड्रेस और मेडिकल बनवाया. आरोपियों ने एक होटल में नकली टेस्ट रूम बनाकर इंटरव्यू की औपचारिकता पूरी की और पीड़ितों को जाल में फंसा लिया. पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी राकेश सराठे इससे पहले भी धोखाधड़ी के मामले में गोहलपुर थाने से गिरफ्तार हो चुका है.



# दोपहर से झमाझम बारिश 12 जिलों में अलर्ट

- बारिश लौटते ही भीगे शहर, प्रशासन अलर्ट
- चार दिन तक भारी बारिश की चेतावनी

**भोपाल, 22 जुलाई. एक बार फिर मानसून की धमाकेदार वापसी हुई है. सोमवार रात से शुरू हुआ बादलों का डेरा मंगलवार शाम को झमाझम बारिश में तब्दील हो गया.**

भोपाल, इंदौर, सतना, सीधी, दमोह समेत 12 जिलों में रुक-रुककर बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और लोगों ने राहत की सांस ली. वहीं, प्रशासन ने जलभराव और पेड़ गिरने जैसी संभावित स्थितियों को लेकर अलर्ट मोड अपनाया है.

राजधानी भोपाल में मंगलवार को दिनभर उमस भरा मौसम बना रहा. लेकिन शाम करीब 4 बजे अचानक बादलों ने डेरा जमा लिया और तेज बारिश शुरू हो गई. बारिश के समय दफ्तरों से निकलते लोग और स्कूलों से घर लौटते बच्चों को खासा परेशान होना पड़ा. कई इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गईं. बीते 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सिवनी, सीधी, रायसेन, उमरिया और मलाज खंड जैसे जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. सतना और सीधी में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा, इंदौर-सिवनी में पौने इंच बारिश मापी गई.

> मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम से अगले चार दिन तक तेज बारिश की संभावना है. खासकर 23 और 24 जुलाई को अधिक असर रहेगा. इस बीच बुरहानपुर, खंडवा, बैतूल, देवास, हरदा और छिंदवाड़ा में तेज आंधी के साथ बारिश की आशंका जताई गई है. संबंधित जिलों को यलो अलर्ट पर रखा गया है. विभाग ने स्कूलों, नगर निगम और बिजली कंपनियों को संभावित पानी भराव, ट्रिपिंग और गिरते पेड़ों की आशंका को देखते हुए अलर्ट रहने को कहा है. कई जगह पहले ही ड्रेनेज सफाई और कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिए गए हैं.



# कार्यालय कलेक्टर जिला-शाजापुर एवं पदेन उपसचिव, म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

क्रमांक/भू अर्जन/2025/247-248 शाजापुर, दि. 24.06.25

**अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासिन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (7) मे उसके सामने दिये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जुन और पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (१) के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियो को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है व ऐसी किसी भूमि में जिसे धारा-11 की उपधारा.-1 के अधीन अधिसूचित किया गया है जिसकी लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है या आवश्यकता होनी संभाव्य है, हितबद्ध कोई व्यक्ति प्रांरभिक अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के भीतर (क) अर्जित किये जाने के लिए प्रस्तावित भूमि के क्षेत्र और उपयुक्तता के प्रति (ख) लोक प्रयोजन के लिए दिये गये औचित्य के प्रति (ग) सामाजिक समाधात निर्धारण रिपोर्ट के निष्कर्षो के प्रति आक्षेप अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर के कार्यालय में कर सकेगा:-

**अनुसूची (01)**

**अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | लगभग क्षेत्रफल सर्वे क्र. | लगभग क्षेत्रफल रकबा (वर्गमीटर में) | धारा 12 की उपधारा (2) के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| शाजापुर | शुजालपुर | शुजालपुर | 1951 शा.नं.<br>1952<br>1960<br>1963<br>1964<br>1965<br>2617 | 258.44<br><br>42.42<br>45.44<br>62.95<br>0.52<br>205.82 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतू निर्माण संभाग उज्जैन | शुजालपुर के समपार क्र. 79 स्थित रेलवे फाटक पर आर.ओ.बी. निर्माण हेतु भूमि का अर्जन |
| शाजापुर | शुजालपुर | कमल्या | 203<br>205<br>206<br>207<br>208 | 6.84<br>17.53<br>52.70<br>157.77<br>246.27 | | |
| | योग | | | 1112.11 | | |

**-: अनुसूची (02) :-**

| क्र. | कृषक का नाम व पिता/पति कानाम | भूमि का खसरा क्रमांक | भूमि का कुल रकबा हे. में | अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण वर्गमीटर सिंचित | असिंचित | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| | **सोसायटी सहकारी बैंक से रेलवे फाटक की ओर कस्बा शुजालपुर** | | | | | |
| 1. | सुनील कुमार देथल पिता नकजीराम | 1951 | 4.640 | 0.00 | 3.66 | 3.66 |
| 2. | नेहा पति स्व. नरेन्द्र चितले | 1951 | 4.640 | 0.00 | 7.32 | 7.32 |
| 3. | परदमकुमार पिता बसन्तीलाल | 1951/12/1/2 | 4.640 | 0.00 | 9.12 | 9.12 |
| 4. | डॉ. निर्मल जैन पिता बसन्तीलाल | 1951/12/1/1 | 4.630 | 0.00 | 0.76 | 0.76 |
| 5. | विक्रमसिंह सागरसिंह भरतसिंह, भोजराज पुत्र गण रामनारायण लखनसिंह पिता कुंवरलाल | 1951/9 शा.न. 1951/10, 11 | 4.640 | 0.00 | 19.07 | 19.07 |
| 6. | डॉ. दीपचंद्र सुराना पिता रतनलाल सुराना | 1951/3/1 | 4.640 | 0.00 | 1.20 | 1.20 |
| 7. | राजकुमार अर्जुनसिंह भीमसिंह महेन्द्रसिंह पिता बापूलाल | 1951 | 4.640 | 0.00 | 8.10 | 8.10 |
| 8. | अनिता पिता मनमोहन यादव तलेन | 1951 | 4.640 | 0.00 | 2.77 | 2.77 |
| 9. | संदीपकुमार पिता बाबूलाल नेमा | 1951 | 4.640 | 0.00 | 4.42 | 4.42 |
| 10. | रेखा नेमा पति निरंजनकुमार नेमा, सौरभ नेमा, सपन नेमा पिता निरंजनकुमार नेमा | 1951 | 4.640 | 0.00 | 4.25 | 4.25 |
| 11. | हेमलता पति कैलाश सोनानिया | 1951 | 4.640 | 0.00 | 5.20 | 5.20 |
| 12. | संगीता नेमा पति गौरीशंकर नेमा | 1951/2/9582/1/2 | 4.640 | 0.00 | 7.38 | 7.38 |
| 13. | हरिसिंह पिता चुन्नीलाल परमार मेहरखेड़ी | 1951/2/9582/1 1 | 4.640 | 0.00 | 7.44 | 7.44 |
| 14. | प्रहलादसिंह पिता बलदेवसिंह परमार | 1951/2/9 | 4.640 | 0.00 | 7.36 | 7.36 |
| 15. | माखनसिंह पिता लाडसिंह परमार पटलावदा | 1951 | 4.640 | 0.00 | 4.64 | 4.64 |
| 16. | मुन्नीदेवी पति आनन्दीलाल नेमा | 1951/23/28 शान. 1951/26, 1952/3 | 4.640 | 0.00 | 5.44 | 5.44 |
| 17. | जसवंतसिंह, विक्रमसिंहपिता कन्हैयालाल मऊघाट | 1951 | 4.640 | 0.00 | 5.49 | 5.49 |
| 18. | हरिचरण पिता तखतसिंह | 1951/23/24 शान. 1951/26, 1952/3 | 4.640 | 0.00 | 4.96 | 4.96 |
| 19. | लीलादेवी पति शादीलाल राठौर | 1951 | 4.640 | 0.00 | 6.83 | 6.83 |
| 20. | हरीशकुमार पिता जैनपाल जैन | 1951 | 4.640 | 0.00 | 6.83 | 6.83 |
| 21. | जेठू सिंह प्रेमसिंह पिता बापूसिंह | 1951 शा.नं. 1952 | 4.640, 1.244 | 0.00 | 9.98 | 9.98 |
| 22. | प्रकाशचंद्र पिता शांतिलाल अग्रवाल | 1951/33 शान1952/5 | 4.640, 1.244 | 0.00 | 8.09 | 8.09 |
| 23. | रमेशचंद्र पिता भगवतराव देशमुख | 1951 शा.नं. 1952 | 4.640, 1.244 | 0.00 | 25.24 | 25.24 |
| 24. | दिलीप पाटीदार पिता बद्रीप्रसाद | 1951/29/5 | 4.640 | 0.00 | 8.67 | 8.67 |
| 25. | सरिता पति रामनारायण | 1951 | 4.640 | 0.00 | 10.29 | 10.29 |
| 26. | संतोष पिता भागीरथ | 1951/29/3 शान. 1952/6 | 4.640, 1.244 | 0.00 | 16.70 | 16.70 |
| 27 | माखनसिंह पिता राधाकिशन | 1951 | 4.640 | 0.00 | 7.02 | 7.02 |
| 28. | मानसिंह, हुकमसिंह, मोजीलाल, जगदीश पुत्रगण हरिनारायण | 1951 | 4.640 | 0.00 | 8.88 | 8.88 |
| 29. | गीताबाई पिता कन्हैयालाल पाटीदार | 1951 | 4.640 | 0.00 | 9.80 | 9.80 |
| 30. | हरजीत कौर पति राजेन्द्रसिंह | 1951 | 4.640 | 0.00 | 9.80 | 9.80 |
| 31. | राजेन्द्रसिंह पिता भूपेंद्रसिंह | 1951 | 4.640 | 0.00 | 11.36 | 11.36 |
| 32. | केशरसिंह मोहनलाल पिता कुंवरजी व हुकुमसिंह जगदीश रामसिंह पिता बाबूलाल | 1951 | 4.640 | 0.00 | 3.66 | 3.66 |
| 33. | केशरसिंह मोहनलाल पिता कुंवरजी व हुकुमसिंह जगदीश रामसिंह पिता बाबूलाल | 1951 | 4.640 | 0.00 | 2.44 | 2.44 |
| 34. | केशरसिंह मोहनलाल पिता कुंवरजी व हुकुमसिंह जगदीश रामसिंह पिता बाबूलाल | 1951 | 4.640 | 0.00 | 0.61 | 0.61 |
| 35. | सन्तोष पिता भागीरथ | 1951/30शान.1952/7 | 4.640,1.244 | 0.00 | 1.28 | 1.28 |
| 36. | सरस्वतीबाई पति सन्तोष | 1951/30शान.1952/7 | 4.640,1.244 | 0.00 | 1.19 | 1.19 |
| 37. | लीलाधर पिता सिद्धालाल | 1951/30शान.1952/7 | 4.640,1.244 | 0.00 | 1.19 | 1.19 |
| | **कमल्या की भूमि** | | | | | |
| 38. | शैलेन्द्र अग्रवाल पिता गोपालकृष्ण, बसंतीदेवी पति पति गोपालकृष्ण | 206/4 | 0.052 | 0.00 | 6.75 | 6.75 |
| 39. | हरजीत कौर पति राजेन्द्रसिंह | 206/4 | 0.052 | 0.00 | 6.75 | 6.75 |
| 40. | विश्वजीत पिता सर्जेराव जाधव, राजेन्द्र आदित्य जाधव पिता विश्वजीत जाधव | 203 | 0.021 | 0.00 | 6.84 | 6.84 |
| 41. | मांगीलाल पिता बिहारीलाल यादव | 201 | 0.010 | 0.00 | 15.41 | 15.41 |
| 42. | विजेन्द्र सिंह पिता राजेन्द्रसिंह | 206/6 | 0.021 | 0.00 | 17.53 | 17.53 |
| 43. | सावित्री देवी पति विजेन्द्रसिंह | 205 | 0.021 | 0.00 | 17.53 | 17.53 |
| 44. | देवेन्द्रसिंह पिता विजेन्द्रसिंह | 206/2 | 0.021 | 0.00 | 17.53 | 17.53 |
| 45. | अनिलकुमार पिता बाबूलाल भंडारी | 206 | 0.021 | 0.00 | 4.14 | 4.14 |
| 46. | प्रकाशसणस पिता यशवंत राव सणस | 207/1/3 | 0.010 | 0.00 | 6.94 | 6.94 |
| 47. | संजय सणस पिता रामचन्द्र राव | 207 | 0.025 | 0.00 | 7.70 | 7.70 |
| 48. | सुभाष सणस पिता स्व. लक्ष्मणराव सणस | 207/1/1 | 0.219 | 0.00 | 11.63 | 11.63 |
| 49. | रामकन्या बाई पति जगदीशप्रसाद चौरसिया | 207 | 0.219 | 0.00 | 12.24 | 12.24 |
| 50. | मुकेश बौरासी पिता रामसिंह | 207 | 0.219 | 0.00 | 10.47 | 10.47 |
| 51. | अशोक देशमुख पिता श्यामराव देशमुख | 207 | 0.219 | 0.00 | 23.04 | 23.07 |
| 52. | कौशल्याबाई पति रामप्रसाद | 207 | 0.219 | 0.00 | 23.75 | 23.75 |
| 53. | गोविंद रायकवार पिता छितरमल | 207 | 0.219 | 0.00 | 28.36 | 28.36 |
| 54. | रज्जुलाल पिता छितरमल | 207 | 0.219 | 0.00 | 33.64 | 33.64 |
| 55. | मुन्नालाल पिता सुजानसिंह | 208 | 0.125 | 0.00 | 24.36 | 24.36 |
| 56. | सिद्धनाथसिंह पिता जगन्नाथसिंह राजपूत | 208/4 | 0.125 | 0.00 | 37.70 | 37.70 |
| 57. | सुगनदेवी पति बाबूलाल मालवीय | 208 | 0.125 | 0.00 | 37.70 | 37.70 |
| 58. | पारस पिता किशनलाल | 208 | 0.125 | 0.00 | 31.61 | 31.61 |
| 59. | शंकरलाल पिता नन्नेलाल | 208 | 0.125 | 0.00 | 58.58 | 58.58 |
| 60. | पारस पिता किशनलाल | 208 | 0.125 | 0.00 | 56.32 | 56.32 |
| | **शुजालपुर आबादी नंबर** | | | | | |
| 61. | जगदीश यादव पिता परमलाल | 2617 आबादी शुजालपुर | 1.506 | 0.00 | 67.84 | 67.84 |
| 62. | मोहनलाल पिता जुगलकिशोर जाट | 2617 आबादी शुजालपुर | 1.506 | 0.00 | 27.41 | 27.41 |
| 63. | कमलाबाई पति देवनारायण देशवाली | 2617 आबादी शुजालपुर | 1.506 | 0.00 | 36.52 | 36.52 |
| 64. | मांगीलाल मदनलाल मोहनलाल पिता धनसिंह विश्वकर्मा | 2617 आबादी शुजालपुर | 1.506 | 0.00 | 52.80 | 52.80 |
| 65. | रमेश पटेल पिता कोमलप्रसाद | 2617 आबादी शुजालपुर | 1.506 | 0.00 | 21.25 | 21.25 |
| | **सेंट्रल बैंक से पुलिस चौकी/रेलवे फाटक की ओर कस्बा** | | | | | |
| 66. | नितिक पिता गोपाल नेमा | 1964/1/50/2 | 1.195 | 0.00 | 3.72 | 3.72 |
| 67. | शिवशंकर, ब्रजमोहन पिता जगन्नाथ नेमा | 1960 | 4.640 | 0.00 | 4.34 | 4.34 |
| 68. | बसंतीलाल गोपालदास पिता जगन्नाथ नेमा | 1960 | 4.640 | 0.00 | 4.34 | 4.34 |
| 69. | राजेश पिता राधेश्याम वर्मा | 1960/2/5/1 | 0.009 | 0.00 | 8.28 | 8.28 |
| 70. | योगेश शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा | 1960/2/5/2 | 4.640 | 0.00 | 3.41 | 3.41 |
| 71. | राजकुमार, त्रिलोक पिता स्व. छोटेलाल नेमा | 1960 | 4.640 | 0.00 | 5.27 | 5.27 |
| 72. | गिरधारी, मोहनसिंह पिता रमेशचंद्र परमार | 1960/2/8 | 4.640 | 0.00 | 8.39 | 8.39 |
| 73. | देवेन्द्र जैन पिता मेधराज | 1960/2/4 | 4.640 | 0.00 | 8.39 | 8.39 |
| 74. | द्वारका अग्रवाल पिता बालमुकुंद | 1963/5 | 1.432 | 0.00 | 17.60 | 17.60 |
| 75. | नवनीतसिंह, अर्पिता, अजमानी पिता जसवीरसिंह, बलवीर सिंह कौर बेवा जसवीरसिंह, सुरिन्दरसिंह पिता जोगेन्द्ररसिंह | 1963/4 | 1.432 | 0.00 | 27.84 | 27.84 |
| 76. | ऋषि अग्रवाल पिता ओमप्रकाश | 1964/3/1/2/1 | 4.640 | 0.00 | 2.59 | 2.59 |
| 77. | सतीश जैन पिता ओमप्रकाश जैन | 1964/3/1/2/2 | 4.640 | 0.00 | 2.59 | 2.59 |
| 78. | विनोद अग्रवाल पिता हरविलास | 1964/2, 1964/3 | 4.460 | 0.00 | 31.35 | 31.35 |
| 79. | दादावाड़ी समिति | 1964/5 | 4.640 | 0.00 | 22.70 | 22.70 |
| 80. | गोविंद प्रसाद पिता भैयालाल | 1965 | 3.135 | 0.00 | 0.26 | 0.26 |
| 81. | रमेशचद्र पिता भैयालाल | 1965 | 3.135 | 0.00 | 0.26 | 0.26 |
| | | योग | | | 1112.11 | 1112.11 |

**नोट:-** भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शुजालपुर/भू-अर्जन अधिकारी शाजापुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**(ऋजु बाफना)**
**कलेक्टर शाजापुर एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग शाजापुर**

जी -16046/25